130

# दिनॉक 03.08.2023 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे :–

1– मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2 जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
4– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।
5– अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड, शारदा नहर, सीतापुर।
6– जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
7– सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
8– डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 सीतापुर।
9– मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, सीतापुर।
10– मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो सीतापुर।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्व में की गयी समीक्षा बैठक के बिन्दुओ पर चर्चा की गयी तदोपरान्त इम्प्लीमेन्टशन सपोर्ट एजेन्सियों (आई0एस0ए0) एवं इन्फोरमेंशन एजुकेशन एण्ड कम्युनिकेशन (आई0ई0सी0) द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से अपनी संस्था द्वारा की गयी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गयी एवं अवगत कराया कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल जीवन मिशन से जोड़ा जा रहा है। जिससे उनकी रूचि इस मिशन के प्रति बढी है।

**सेन्सिस टेक लि0 ( टी0पी0आई0ए0)–**

1– टी0पी0आई0 सेन्सिस टेक लि0 द्वारा पी0पीटी0 के माध्यम से कार्य कर रही एजेन्सी मेसर्स एल एण्ड टी एवं एन0सी0सी0 लि0 के कार्यो की जानकारी दी गई एवं कार्य कर रही एजेन्सियों के द्वारा की जा रही कांक्रीटिंग कार्य की जांच सेन्सिस टेक लि0 कर लेने के उपरान्त ही कांक्रीटिंग कार्य की अनुमति दी जाती है एवं यह भी अवगत कराया गया है कि मेसर्स एल एण्ड टी द्वारा पाइप लाइन को बहुत ही घटिया तरीके से स्टोर किया गया है तथा कई स्थानों पर दोनों फर्मों द्वारा पाइप लाइन मार्गों को खोदकर बैकफीलिंग/मोटरेबल का कार्य नहीं किया जा रहा है। एन0सी0सी0 लि0 द्वारा निम्न गुणवत्ता की ईटों का प्रयोग किया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुए दोनों कार्य कर रही फर्मों को निर्देशित किया गया कि राजमार्गों के किनारे बिना पूर्व अनुमति के पाइप लाइन का कार्य न किया जाये एव मुख्य मार्गों के किनारे जहां भी पाइप लाइन डाली गई है उनको बैकफीलिंग/मोटरेबल कराते हुए पूर्व की स्थिति में लाना सुनिश्चित करें।

**मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0–**

1– मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 535 स्वीकृति डी0पी0आर0 में 463 नग बोरवेल का कार्य पूर्ण हुआ है। पम्प हाउस 213 नग में कार्य चल रहा है तथा 408 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिसमें 40 नग योजनाए पूर्ण हो गयी है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा समय सीमा पूर्ण हो जाने वाले कव्रर अनुबन्धों की समीक्षा का विवरण निम्नलिखित है–

कमश:......2.....



Scanned by CamScanner

| क्र. सं. | कवर अनुबन्ध | कार्य प्रारम्भ की तिथि | कार्य समाप्ति की तिथि | शिरोपरि जलाशय | | पाइप लाइन (कि0मी0) | | बोरिंग का कार्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लक्ष्य | प्रगति | लक्ष्य | प्रगति | लक्ष्य | प्रगति |
| 1 | 106/ई.डी./21–22 | 10.08.2021 | 09.08.2022 | 91 | 26 | 1040.65 | 614.28 | 91 | 73 |
| 2 | 206/ई.डी./21–22 | 08.12.2021 | 07.12.2022 | 129 | 33 | 1364.41 | 767.50 | 129 | 98 |
| 3 | 225/ई.डी./21–22 | 30.12.2021 | 29.12.2022 | 65 | 7 | 921.78 | 349.14 | 65 | 46 |
| 4 | 115/ई.डी./फेज–2/22–23 | 21.09.2022 | 20.09.2023 | 57 | 1 | 733.12 | 235.39 | 57 | 16 |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की प्रगति को देखते हुए काफी निराशा व्यक्त की एवं फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन अनुबन्धों के कार्य पूर्ण करने का समय समाप्त हो गया उन योजनाओं को तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो लि0 को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डालते समय जो सड़के तोड़ी/खोदी जा रही उनको साथ में ही मोटरेबल कराते हुए सड़को के पुर्नस्थापन/मरम्मत का कार्य शीध्र किया जाये।

3– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो लि0 को निर्देशित किया गया कि जिन योजना में पानी का संचालन किया जा रहा है वहां नियमित रूप से नियमानुसार शुद्ध पेयजल का संचालन कराया जाये।

**मे0 एन0सी0सी0 लि0–**

1– मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 783 स्वीकृति डी0पी0आर0 में 713 नग बोरवेल का कार्य पूर्ण हुआ है। पम्प हाउस 425 नग में कार्य चल रहा है तथा 711 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिसमें 15 नग योजनाए पूर्ण हो गयी है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा समय सीमा पूर्ण हो जाने वाले कवर अनुबन्धों की समीक्षा का विवरण निम्नलिखित है–

| क्र. सं. | कवर अनुबन्ध | कार्य प्रारम्भ की तिथि | कार्य समाप्ति की तिथि | शिरोपरि जलाशय | | पाइप लाइन (कि0मी0) | | बोरिंग का कार्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लक्ष्य | प्रगति | लक्ष्य | प्रगति | लक्ष्य | प्रगति |
| 1 | 125/ई.डी./21–22 | 31.08.2021 | 30.08.2022 | 20 | 6 | 199.77 | 117.46 | 20 | 17 |
| 2 | 213/ई.डी./21–22 | 11.12.2021 | 10.12.2022 | 70 | 6 | 939.25 | 632.67 | 70 | 66 |
| 3 | 256/ई.डी./21–22 | 09.02.2022 | 08.02.2023 | 51 | 3 | 709.32 | 336.90 | 51 | 49 |
| 4 | 312/ई.डी./ 22–23 | 02.08.2022 | 01.08.2023 | 56 | 1 | 743.01 | 409.46 | 56 | 52 |
| 5 | 124/ई.डी./फेज–2/22–23 | 27.09.2022 | 26.09.2023 | 41 | 3 | 549.12 | 306.37 | 41 | 35 |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की प्रगति को देखते हुए काफी रोष व्यक्त किया एवं फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन अनुबन्धों के कार्य पूर्ण करने का समय समाप्त हो गया उन योजनाओं को तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 की शिरोपरि जलाशय की अत्यन्त कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फर्म को निर्देशित किया गया कि शिरोपरि जलाशय की प्रगति में सुधार करें।

3– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डालते समय जो सड़के तोड़ी/खोदी जा रही उनको साथ में ही मोटरेबल कराते हुए सड़को के पुर्नस्थापन/मरम्मत का कार्य शीध्र किया जाये।

4– जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि जिन योजना में पानी का संचालन किया जा रहा है वहां नियमित रूप से नियमानुसार शुद्ध पेयजल का संचालन कराया जाये।

क्रमशः......3.....



Scanned by CamScanner

(128)



डी0पी0एम0यू0–

1– डी0पी0एम0यू0 द्वारा पी0पी0टी के माध्यम से की गयी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गयी।

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि विवादित भूमि प्रस्तावों को निस्तारित कराने हेतु उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निस्तारित करायें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा दोनों फर्मों को निर्देशित किया गया कि जिन एम0डी0आर0, ओ0डी0आर0 तथा अन्य मार्गों को क्षतिग्रस्त किया गया है उनको सूचीबद्ध करते हुए उन्हे 15 दिवस के अन्दर बैकफिलिंग एवं कम्पैक्शन कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा दोनों फर्मों को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी विद्यालयों/आंगनवाड़ी/ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में जल संयोजन किया जाना है तथा पाइप लाइन डालते समय जिन मार्गों क्षतिग्रस्त किया गया है उन सभी मार्गों को तत्काल मोटरेबल कराते हुए पूर्व की स्थिति में लाना सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन पाइप पेयजल योजनाओं में मिट्टी भराव की आवश्यकता है उसे जिला कृषि अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी से सम्पर्क स्थापित करते हुए जनपद में विभिन्न स्थानों पर खोदे जा रहे तालाब की मिट्टी का उपयोग करते हुए जलकल प्रागंण में मिट्टी का भराव करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुन्सीगंज से बड़ागाव मार्ग, हरगांव से दतेली पिपराझला मार्ग इत्यादि मार्ग की स्थिति बहुत ही खराब बताई गयी जिस नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित एजेन्सी को निर्देशित किया कि तत्काल उक्त मार्गों को दुरस्त कराते हुए आवागमन योग्य बनाये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा दोनों फर्मों को निर्देशित किया गया कि आवश्यकता होने पर पूर्व में बनी पेयजल योजनाओं को रेट्रोफिटिंग/पुर्नगठन में लेते हुए जल जीवन मिशन में सम्मिलित करते हुए प्राक्कलन प्रस्तुत करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता,<br>खण्ड कार्यालय,<br>उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),<br>सीतापुर<br>(सदस्य सचिव) | अधिशासी अभियन्ता,<br>सीतापुर प्रखण्ड,<br>शारदा नहर सीतापुर,<br>(सदस्य) | जिला बेसिक शिक्षा<br>अधिकारी सीतापुर<br>(सदस्य) | जिला पंचायत राज<br>अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) |
| जिला विकास अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) | मुख्य विकास अधिकारी,<br>सीतापुर (सदस्य) | | जिलाधिकारी,<br>(अध्यक्ष) |

पृ0 संख्याः 1594 / M-45 /16 दिनॉक 17/08/2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
3– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनामल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
4– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
5– डी0पी0एम0यू0 सीतापुर।
6– समस्त आई0एस0ए0 सीतापुर।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)

Scanned by CamScanner